<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# गो.ब. पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर, जिला–ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन

पन्तनगर। 31 अक्टूबर 2023। विश्वविद्यालय द्वारा लौह पुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल जी की जयन्ती के अवसर पर शारीरिक शिक्षा अनुभाग में स्टेडियम से गाँधी पार्क तक प्रातः 7:00 बजे राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि कार्यवाहक कुलपति एवं कुलसचिव डा. के.पी. रावरेकर द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशक, विद्यार्थियों, छात्रावास अभिरक्षकों, अभिरक्षिकाएं सहित अत्यधिक संख्या में प्रतिभागियों द्वारा उक्त दौड़ में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल, सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बी.एन. साही उपस्थित थे।

इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह द्वारा सम्बोधन में लौह पुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल जी के महान कार्यों को वर्णित किया तथा उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया एवं समस्त प्रतिभागियों एवं कर्मियों का आभार व्यक्त किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा सरदार बल्लभभाई पटेल जी की प्रतिमा में पुष्प अर्पित कर उक्त दौड़ में प्रतिभागियो को सम्बोधित किया गया।

उक्त दौड़ का आयोजन अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह, प्रभारी शारीरिक शिक्षा डा. पूनम त्यागी, सह निदेशक डा. भाष्कर तिवारी, डा. एच.एस. पपोला, डा. जी.एस. बोहरा एवं शारीरिक शिक्षा अनुभाग के समस्त कर्मचारियों द्वारा सफलतापूर्वक किया गया तथा श्री के.पी. सिंह द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया।



*हरी झंडी दिखाकर एकता दौड़ का शुभारम्भ करते कुलसचिव डा. के.पी. रावेरकर।*

**निदेशक संचार**